सत्य की जंग, असत्य के संग

निष्पक्ष नजर, निष्पक्ष खबर

# हलचल पंजाब

जालंधर -28 जून, 2020 मुख्य संपादकः विनोद मरवाहा मोबाइल : 98883-32000, 79737-10415 RIN PUNHIN/ 2007/ 22047

## शुभ प्रभात



अगर कोई कोरोना के चंगुल से बच निकलता है तो केवल यही जश्न मनाने की बात नहीं होनी चाहिए। कोविड-19 से उबरने की प्रक्रिया बहुत लंबी और इस बीमारी के जितनी ही दर्दनाक भी है। ऐसे में सतर्क रहें और अपनी जिम्मेदारी को समझें। जरा भी लापरवाही न बरतें। मास्क पहनिए और शारीरिक दूरी का पालन करिए।

सोनू त्रेहन
डायरेक्टर
हलचल पंजाब

## कोरोना वायरस के संक्रमण से बचते हुए चुनौती साबित होगी पुलिस के लिए ड्यूटी



**जालंधर(शिव जैमिनी)**

लॉकडाउन में छूट मिलने के बाद फील्ड में काम करने वालों की चुनौतियां बढ़ गई हैं।इसमें सबसे ज्यादा कठिनाई दिन रात-ड्यूटी में तैनात पुलिस वालों को है जो हमेशा आम लोगों के संपर्क में आते हैं।

थानों, पुलिस चौकी, कार्यालय से लेकर फील्ड में चौक-चौराहों पर तैनात पुलिस वालों में संक्रमण का सबसे ज्यादा खतरा है। जालंधर में कोरोना पॉजिटिव के मरीजों की बढ़ती संख्या को लेकर पुलिसकर्मियों के परिजन भी चिंतित हैं। पुलिसकर्मियों के भी कोरोना संक्रमित होने की जानकारी सामने आने पर परिजन रोज कॉल करके पूछते रहते है कि तुम्हारी तबीयत कैसी है, अपना ख्याल रखना, ड्यूटी के दौरान मुंह ढक कर रखना। सेनेटाइजर साथ लेकर जाना। आखिर खाकी के सैकड़ों जवान उन कई क्षेत्रों में ड्यूटी कर रहे है जहां कोरोना पॉजिटिव रोगियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

**फील्ड में जाने पर और बढ़ जाती है परेशानी**

थानों में तैनात पुलिस वालों को अक्सर अपराधियों की धरपकड़ के लिए जाना होता है।इन जगहों पर संक्रमण से खुद को बचाए रखना बड़ी चुनौती है।इसके अलावा कार्यालय में भी लोगों की आवाजाही होता है।

## विधायक के प्रयासों से साकार हुआ स्मार्ट स्कूल का सपना

# शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा बर्ल्टन पार्क में बनने वाला सरकारी स्मार्ट स्कूल

**जालंधर(विशाल कोहली)**


उत्तरी विधान सभ क्षेत्र के लोकप्रिय युवा विधायक बावा हैनरी विकास की प्रक्रिया और अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता की सेवा के माध्यम उद्देश्य से क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करवाने में कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक बावा हैनरी ने बर्ल्टन पार्क में तीन करोड़ रुपये से सीनियर सेकंडरी स्तर का स्मार्ट स्कूल बनाने का प्रोजेक्ट पास करवा लिया है।



इस बाबत जानकारी देते हुए विधायक श्री हैनरी ने बताया कि बनने जा रहे इस प्रस्तावित स्कूल की बिल्डिंग का प्लान फाइनल हो चुका है। उन्होंने बताया कि नॉर्थ हलके में पहले से ही चल रहे सरकारी स्कूलों के बच्चों और स्टाफ को इस स्कूल में शिफ्ट किया जाएगा।यहां स्मार्ट क्लासेस लगेंगी व शिक्षा स्तर भी ऊंचा होगा।एक साल में स्कूल बनकर तैयार हो जाएगा।यह स्मार्ट स्कूल पूरी तरह से निजी स्कूलों को टक्कर देगा। स्कूल में लैब, कांफ्रेंस रूम, पार्किंग, खेल मैदान जैसी सुविधाएं होंगी। हैनरी इस प्रोजेक्ट पर पिछले एक साल से काम कर रहे हैं। विधायक श्री हैनरी ने कहा कि इस क्षेत्र में जो स्मार्ट स्कूल की आवश्यकता थी, इस स्कूल केबिन जाने से पूरी हो जाएगी।

**जनता के विश्वास पर आंच नहीं आने दूंगा :** विधायक श्री हैनरी ने कहा कि ने पूरे क्षेत्र के विकास के लिए वह प्रतिबद्ध एवं वचनबद्ध है। नार्थ विधानसभा क्षेत्र के हर एक कोने तक विकास की एक नई नींव खड़ी की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी जन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया जा रहा है।श्री हैनरी ने कहा कि मतदाताओं ने चुनावों में उन्हें भारी बहुमत से जीत दिला कर उनमें जो विश्वास व्यक्त किया था वो उस पर कतई आंच नहीं आने देंगे।उन्होने कहा कि वे इस विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिय सदैव तत्पर हैं व विकास को नई गति देने के साथ - साथ यहा की जनता को पेश आ रही विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाने के लिय वचनबद्ध हैं।

## देश में चीनी वस्तुओं का बहिष्कार जरूरी



हाल ही में लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के द्वारा किए गए विश्वासघात और भारतीय जवानों की शहादत के बाद देश के कोने-कोने में चीन विरोधी माहौल दिखाई दे रहा है और लोग चीनी वस्तुओं को जलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में सरकार के साथ-साथ पूरा देश चीन को आर्थिक मोर्चे पर जोरदार चोट पहुँचाने के लिए आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है।

देश के कारोबारी संगठनों ने चीन से आयात घटाने के लिए 200 से अधिक चीनी उत्पादों पर आयात शुल्क में वृद्धि की माँग की है। साथ ही यह भी माँग की है कि ई-कॉमर्स कंपनियों से मंगाए जाने वाले सामान के बारे में ग्राहकों को यह पता होना चाहिए कि वह सामान किस देश में बना है। इससे भी चीन में उत्पादित सामानों की बिक्री पर नियंत्रण लगाया सकेगा। ऐसा कर हम निश्चित तौर पर चीन पर आर्थिक चोट पहुँचा सकते हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि देश में चीनी वस्तुओं के बहिष्कार का जो परिदृश्य उभरने लगा है, उससे चीन चिंतित होते हुए दिखाई दे रहा है।

विनोद मरवाहा

STAY HOME

# देश में कोरोना वायरस के मामले 5 लाख के पार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामले पांच लाख का आंकड़ा पार कर चुके हैं। पिछले 24 घंटों में भारत में 18,552 नए मामले दर्ज किए गए। इसकके साथ ही देश में उडश्क्क्ञ9 के मामलों का आंकड़ा 5 लाख के पार हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक पिछले 24 घंटों में 384 लोगों की मौत हुई है। भारत में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 5,08,953 है, जिसमें 1,97,387 सक्रिय मामले, 2,95,881 ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले, 15,685 मौतें शामिल हैं।

कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में 5,024 मामले सामने आए हैं और 175 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,52,765 और मृतकों की संख्या बढ़कर 7,106 हो गई है। उधर दिल्ली में पिछले 24 घंटों में 3,460 नए मामले सामने आए हैं। दिल्ली में अब कुल संक्रमितों का आंकड़ा 77,240 हो गया है। राजधानी में 47,091 मरीज रोगमुक्त हुए हैं, जिन्हें विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है।

दिल्ली में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जांच में तेजी लाई जा रही है। शुक्रवार को रिकॉर्ड 21 हजार 144 टेस्ट किए गए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को ट्वीट कहा कि राज्य सरकार कोरोना को लेकर अब बहुत आक्रामक जांच और आइसेलोशन रणनीति पर काम कर रही है।

वहीं देश भर में कोविड-19 की जांच के लिए प्रयोगशालाओं का नेटवर्क बढ़ाने के प्रयासों के तहत आईसीएमआर ने पिछले 24 घंटों के दौरान नेटवर्क में 11 नई प्रयोगशालाओं को शामिल किया है। भारत में इस समय कोविड-19 जांच के लिए पूरी तरह से समर्पित 1016 नैदानिक प्रयोगशालाएं हैं। इसमें सरकारी क्षेत्र की 737 और निजी क्षेत्र की 279 प्रयोगशालाएं शामिल हैं।




## सरकार ने आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाई

**नई दिल्ली(एजेंसी)**


सरकार ने वित्त वर्ष 2018-19 का आयकर रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा एक माह और बढ़ाकर 31 जुलाई 2020 की. सीबीडीटी ने एक अधिसूचना के जरिये वर्ष 2019- 20 के दौरान कर छूट पाने के वास्ते विभिन्न वित्त साधनों में निवेश की समय सीमा को भी एक माह आगे बढ़ाकर 31 जुलाई 2020 कर दिया है।

यानी अब कोई भी कर दाता पिछले वित्त वर्ष में कर छूट पाने के लिये 31 जुलाई 2020 तक कर छूट के विभिन्न निवेश साधनों में निवेश करके छूट पा सकता है।





















सत्य की जंग, असत्य के संग

# हलचल पंजाब

निष्पक्ष नजर, निष्पक्ष खबर



## लॉकडाउन का असरः शादियों में कम हुई बैंड, बाजे की जरूरत, सैनेटाइजर और मास्क की बढ़ी भूमिका

होशियारपुर(कुलदीप सैनी)



मेहंदी से लेकर संगीत तक कई रंग बिरंगे समारोह, दोस्तों और रिश्तेदारों के मजमे के बीच सात फेरे लेने का सपना कोरोना वायरस महामारी के चलते फिलहाल पूरा नहीं होता देख कई जोड़ों ने या तो शादी टाल दी है या बेहद सादे समारोह में परिणय सूत्र में बंधने का फैसला कर रहे हैं। कोरोना काल की इन शादियों में बैंड, बाजा, बारात की जगह मास्क, सेनिटाइजर्स और सामाजिक दूरी के नियमों ने ले ली है। कई जोड़ों का इरादा किसी बॉलीवुड सिनेमा की तरह भव्य शादी का था जिनमें सैकड़ों और कभी-कभी दो हजार तक अतिथियों की सूची पहुंच जाती है। कई समारोहों और डिजाइनर कपड़ों पर लाखों रुपये खर्च कर दिये जाते हैं लेकिन महामारी के कारण अब कई शादियां बिल्कुल सादे स्तर पर हो रही है। सात जन्म तक एक दूसरे का साथ निभाने की कसमें अब आलीशान बैंक्वेट हॉल या मैरिज गार्डन में नहीं बल्कि घर की छतों, घरों, मंदिर, चर्च या कहीं कहीं तो राज्य की सीमाओं पर खाई जा रही हैं।इस पवित्र रस्म के साक्षी सिर्फ घर के लोग ही बन पा रहे हैं।

### आस्थाः वायरस से बचने के लिए किया साप्ताहिक मां बगलामुखी हवन यज्ञ

## हे मां बगलामुखी कोरोना के कहर से विश्व की रक्षा करो: श्री श्री 108 स्वामी सिकंदर जी महाराज

जालंधर(योगेश कत्याल)

हे मां, कोरोना वायरस काआप अपनी शक्ति से राष्ट्र और पूरे विश्व से इसका खात्मा कीजिए।

यह प्रार्थना अखिल भारतीय दुर्गा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री सिकंदर महाराज जी के सानिध्य में प्राचीन शिव मंदिर, नजदीक दोमोरिया पुल में आयोजित मां बगला मुखी साप्ताहिक हवन यज्ञ में सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर में कोरोना के कहर से देश को बचाने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर श्री श्री 108 स्वामी सिकंदर महाराज जी ने कहा कि भक्तों की अराधना को मां कभी भी टालती नहीं हैं। उन्होएँ कहा कि आज राष्ट्र पर जैसा संकट आया है उसमें भारतीय सनातन संस्कृति और हमारा धर्म ही रक्षक बना है, आगे भी मां ही इसका खात्मा करेंगी। श्री स्वामी जी ने हवन यज्ञ को विश्राम देने से पहले विशेष स्तुति की और भक्तों ने मां बगलामुखी मंत्रों को दोहराते हुए वातवारण के स्वच्छ होने और कोरोना के खत्म होने की प्रार्थना की।श्री स्वामी जी ने कहा कि वैश्विक महामारी से हम सबको एकजुट होकर नियमों का पालन करके बचना पड़ेगा। उन्होंने कहा प्रशासन के आदेशों का पालन करते रहे तो बीमारी से बचा जा सकता है।




इस मोके विशेष रूप से उपस्थित गुरु मां नीरज रतन सिकंदर जी ने कहा कि हवन यज्ञ से पर्यावरण में फैले विषैले कीटाणुओं का खात्मा होता है।

इस मोके अखिल भारतीय दुर्गा सेना के पंजाब अध्यक्ष विशाल शर्मा, जालंधर अध्यक्ष वैभव शर्मा, मीडिया प्रभारी राकेश महाजन, राधा अरोड़ा, नीलम वोहरा, अमित गुप्ता, मोहित गांधी, हर्ष, कमल मल्होत्रा, शंकरदास, कुमारी ममता, अंकुर मल्होत्रा, बिन्नी वोहरा, अश्वनी यादव रमेश जैन, कुलदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## अनलॉक इंडिया-2 : अगले हफ्ते गाइडलाइन जारी होने की संभावना, हवाई यात्रा, स्कूल, मेट्रो पर रहेगा फोकस

होशियारपुर(कुलदीप सैनी)




कोरोना महामारी से बचाव के लिए देश भर में किए गए लॉकडाउन के बाद सरकार द्वारा इसमें छूट देना शुरू की गई है। इसके तहत लॉकडाउन 1.0 में केंद्र सरकार की ओर से गाइडलाइन जारी कर कई रियायतें दी गईं थी। अब संभावना जताई जा रहा है कि सरकार अगले हफ्ते अनलॉक 2.0 के तहत गाइडलाइन जारी करते हुए छूट का दायरा और बढ़ा सकती है। इस बार सरकार का फोकस अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के साथ ही स्कूलों और मेट्रो को शुरू करने पर हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार ने अनलॉक 2.0 को लेकर केंद्र ने कंसलटेशन प्रोसेस शुरू कर दी है।

शिक्षण संस्थान- अनलॉक 2.0 में सरकार शिक्षण संस्थानों को खोलने की छूट दे इसमें भी संशय दिखाई देता है। कर्नाटक को छोड़कर बाकी सभी राज्यों ने अपनी बोर्ड परीक्षाओं को रद्द कर दिया है। बता दें कि गृह मंत्रालय की अनलॉक 1.0 की गाइडलाइन के अनुसार स्कूल, कॉलेजों को खोलने का निर्णय राज्य सरकारों का होगा।

## देश के शहीदों के लिए सरकार बनाए एक नीति



लद्दाख की गलवन घाटी में भारत के 20 बहादुर सैनिक शहीद हो गए। उनके जीवन की कहानी इतनी हृदय विदारक है कि सुनकर हर कोई दुखी है। किसी के 19 दिन का बच्चा है जो अब अपने पिता से कभी नहीं मिल सकेगा, तो किसी की शादी तय हो चुकी थी, तो किसी की शादी को एक साल भी नहीं हुआ।

किसी ने नया घर बनवाया, जिसके गृह प्रवेश को मोबाइल पर ही देखा, लेकिन वह अब अपने घर में खुद प्रवेश नहीं कर सका। अधिकतर शहीद ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं, जिनके घर में आमदनी का स्त्रोत वही थे। फिर भी उनके पिता यह गर्व से कह रहे हैं कि उनका बेटा देश के काम आया।

अब उनके परिवार की देखरेख की पहली जिम्मेदारी उन राज्यों की बनती है, जहां के ये रहने वाले थे। अलग-अलग राज्य सरकारों ने इन शहीदों के परिवार के लिए अलग-अलग धनराशि घोषित की है।

कोई राज्य सरकार पांच लाख रुपए दे रही है तो कोई 25 लाख, लेकिन अच्छी बात यह है कि अधिकतर राज्य सरकारें शहीद के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दे रही हैं। मेरी राय में प्रत्येक राज्य सरकार को इन शहीदों के परिवार को कम से कम 25 लाख रुपये की धनराशि देनी चाहिए ।

**विजय जैमिनी**
**सीनियर फोटोजर्नलिस्ट**
**हलचल पंजाब**

## प्राइवेट स्कूल सचालकों की मनमानी जारी

होशियारपुर(कुलदीप सैनी)

शहर के प्राइवेट स्कूलों की मनमानी से तंग आकर कई पेरेंट्स ने अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल करवाने का मन बना लिया है। प्राइवेट स्कूल संचालकों द्वारा फीस में कई गुणा बढ़ोतरी की गई है। स्कूल संचालक अपने फीस बढ़ाने के फैसले पर अड़े हुए हैं। इस बीच पेरेंट्स को राहत देने में न तो शिक्षा विभाग सफल हो पाया है और न ही प्रशासन। इन सभी बातों से हताश पेरेंट्स बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेजने से परहेज करने लग गए हैं।

वहीं, सरकारी स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। बता दें कि सरकारी स्कूलों में भी वही पढ़ाई हो रही है, जो प्राइवेट स्कूलों में होती है। जहां प्राइवेट स्कूलों द्वारा उसी पढ़ाई के लिए पेरेंट्स से हजारों रुपये वसूले जाते हैं, वहीं, सरकारी स्कूलों में आठवीं तक की शिक्षा निशुल्क है।

## पुरानी कारों की बिक्री में नहीं आई तेजी

मंदी का सामना कर रहे कार डीलर, कोरोना महामारी व पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दाम से कारोबार प्रभावित

होशियारपुर(कुलदीप सैनी)

पुरानी कारें बेचने का कारोबार करने वाले डीलर भी कोरोना महामारी को लेकर मंदी के दौर में चल रहे हैं। लॉकडाउन खुलने के बाद पुरानी कारों का लेन-देन तो शुरू हुआ है, लेकिन ग्राहकों की कमी और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों ने कारोबार की गति पर विराम लगाया है।

इस बाबत जब पुरानी कारों का कारोबार करने वाले कार डीलरों से जब बात की तो उनका कहना था कि लॉकडाउन के कारण लोगों की आर्थिक स्थिति खासी प्रभावित हुई है। अब लोग नई गाड़ियां खरीदने में असमर्थ हैं।




हालांकि लॉकडाउन खुलने के बाद पुरानी कारों का रुझान बढ़ा है, लेकिन जो समय पहले था, वह अब नही हैं। लोग सिर्फ दो लाख रुपये के बीच तक ही गाड़ी खरीदने को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन ज्यादा काम नहीं है।। डीजल व पेट्रोल वाली दोनों ही कारें बिक रही हैं। उन्होंने कहा कि कार डीलरों का व्यापार अभी भी मंदी के दौर है। तेल के बढ़े दाम भी जिम्मेदार हैं।

## कोरोनाकाल में रेलवे को चोट, खर्च में होगी कटौती

### आय 58 फीसद घटी , स्थिति सामान्य होने में लगेगा समय

होशियारपुर(कुलदीप सैनी)




कोरोना के कारण रेलवे की वित्तीय व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। मालगाड़ी व विशेष ट्रेनों को छोड़ नियमित ट्रेनों की आवाजाही बंद है। रेल परिचालन सामान्य होने में अभी समय लगेगा। इसका असर निश्चित रूप से रेलवे की आय पर पड़ेगा। विभाग ने नुकसान की भरपाई के लिए अपने खर्चे में कटौती के साथ नई भर्ती पर रोक लगाने की तैयारी की है। बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को पत्र लिख उचित कदम उठाने का निर्देश दिया है रेलवे को यातायात से होने वाली कम्ाई में मई के अंत तक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 58 फीसद की कमी आई है। 250 विशेष ट्रेनों को छोड़ अन्य यार्ड में खड़ी हैं। अधिकारियों का कहना है कि कोरोना संकट में हो रहे आर्थिक नुकसान को कम करने के लिए यदि शीघ्र कदम नहीं उठाए तो आने वाले समय में मुश्किल और बढ़ेगी। अब रेलवे के सभी जोन में महाप्रबंधकों के वार्षिक निरीक्षण का स्वरूप भी बदलेगा। निरीक्षण में महाप्रबंधक के साथ अधिकारियों व कर्मचारियों की भारी भरकम फौज चलती है जिस पर काफी खर्च आता है। अब निरीक्षण की यह परंपरा बदल जाएगी। महाप्रबंधक कुछ अधिकारियों को साथ लेकर या अकेले ही दौरा करेंगे।

## पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों ने तोड़ी कमर

जालंधर(मनु त्रेहन)

बीते कुछ दिनों से पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, इससे आम आदमी पर महंगाई का बोझ बढ़ता जा रहा है जिससे हर वर्ग परेशान है। या यूं कहें कि आम आदमी की कमर तोड़ दी है। बीते तीन महीने से कोरोना काल में भी लोगों को आर्थिक रूप से करारी चोट लगी है। वहीं दूसरी ओर लगातार बढ़ रहे पेट्रोल डीजल के दामों ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। क्या कहते हैं लोग’



राजू गुगलानी



प्रिंस अरोड़ा



मनोज त्रेहन



गगन अरोड़ा

**कार स्पेयर पार्ट्स कारोबारी राजू गुगलानी** ने पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों पर रोष जताते हुए कहा कि वैसे तो सरकार कोरोना काल में लोगों को राहत देने के बड़े-बड़े वादे कर रही है, लेकिन पिछले कई दिनों से बढ़ रहे तेल के दाम सरकार के दावों की पोल खोल रहे हैं। आज लोगों के घरों का बजट बुरी से गड़बड़ाया हुआ है। सरकार को इस बारे में उचित कदम उठाने चाहिए।

**उद्योगपति प्रिंस अरोड़ा** का मानना है कि कोरोना काल में अनेक लोगों के काम धंधे बंद पड़े हैं और बेरोजगारी भी बढ़ी है, लेकिन लोगों को राहत देने की बजाय ज्यादा बोझ डाला जा रहा है। एक तो कोरोना का डर और उपर से महंगाई परेशान कर रही है। यही नहीं व्यापार में भी अभी गिरावट ही चल रही है। सरकार तुरंत पेट्रोल-डीजल के दामों में कमी करके लोगों को राहत दे।

**कार स्पेयर पार्ट्स कारोबारी मनोज त्रेहन** ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तो कच्चे तेल के दाम कम हो रहे हैं, लेकिन यहां पिछले कई दिनों से दामों में लगातार बढ़ोतरी की जा रही है, जोकि उचित नहीं है। यहां तो कोरोना की तरह ही रोजाना बढ़ रहे तेल के दाम भी अब लोगों को डराने लगे हैं। ऐसे में लोगों की समस्या ज्यादा बढ़ गई है। केंद्र सरकार के साथ पंजाब सरकार को तुरंत राहत देनी चाहिए।

**समाज सेवक गगन अरोड़ा** ने प्रतिदिन पेट्रोल-डीजल के बढ़ रहे दामों पर चिंटा व्यक्त करते हुए कहा कि एक पखवारे के अंदर डीजल व पेट्रोल के दामों में आठ से दस रुपये की वृद्धि हुई है। पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी ने आम जनता की कमर को तोड़ दिया है।

लोगों का खर्च और बढ़ गया है। पेट्रोल-डीजल के दामों में हुई बढ़ोत्तरी से पता चलता है कि महंगाई कम होने की बजाए और बढ़ेगी। केंद्र सरकार मनमानी कर रही है और अपने वादों पर सरकार खरा नहीं उतर रही है। सरकार को इस बाबत सोचना चाहिए।

## बदली मोबाइल डायल टोन दे रही कानों को सुकून:अवनीत मसंद

जालंधर(योगेश कत्याल)

लगभग ढाई महीने तक कोरोना से लड़ने की नसीहत और महामारी से बचाव के उपाय सुनाने वाली आवाज ने भी अनलॉक होते ही शब्द बदल दिए हैं। अब मोबाइल की डायल टोन पर अनलॉक में घर से बाहर निकलते समय अपनाए जाने वाले उपाय बताए जा रहे हैं। लंबे समय तक कोरोना से लड़ने के उपाय सुनने के आदी हो चुके कानों को यह नई नसीहत सुकून दे रही है।



यह कहना है प्रसिद्ध उद्योगपति अवनीत मसंद का । उन्होंने कहा कि लॉकडाउन में लगभग सभी मोबाइल कंपनियों ने ग्राहकों की डायलर टोन को बदल दिया था। उस समय केवल एक ही डायलर टोन सुनाई दे रही थी, जिसमें बीमारी से लड़ना है बीमार से नहीं और कोरोना से बचने के उपाय बताए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि लगभग 90 दिन तक एक ही डायलर टोन सुनने वाले लोगों को इस डायलर टोन ने लोगों को मानसिक रूप से काफी सुकून दिया है। श्री मसंद के अनुसार यह मानवीय व्यवहार है कि जिस काम के लिए मना किया जाता है, वही करने का मन करता है। जैसे फोन पर लोगों को घर से बाहर निकलने को मना किया जा रहा था। लोगों में कोरोना को लेकर जो डर था, वो हर बार फोन करने से और बढ़ जाता था। अब नई डायलर टोन में पहला ही शब्द अनलॉक है, इसे सुनकर काफी राहत मिलती है। लोग अब सुकून महसूस करेंगे।

## कोरोना काल की अप्रत्याशित उपज ऑनलाइन शिक्षा

होशियारपुर(कुलदीप सैनी)

ऑनलाइन शिक्षा के प्रचार-प्रसार में आजकल बड़े-बड़े कसीदे गढ़े जा रहे हैं, किन्तु ऑनलाइन शिक्षा के दुष्परिणामों की ओर किसी का ध्यान कम ही जा पा रहा है। एक दिन में पांच से सात विषयों की ऑनलाइन कक्षाओं की कोचिंग बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से बहुत ही घातक परिणामजनक बनती जा रही है।



ऑनलाइन शिक्षा कोरोनाकाल की अप्रत्याशित उपज का परिणाम है। कोमल मस्तिष्क, कमजोर काया तथा अल्प बुद्धि वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन शिक्षा का मूल्यांकन करना सबसे गंभीर

यही नहीं, कई बच्चों को घरों में ऑनलाइन शिक्षा एप डाउन करने वाले मोबाइल नहीं होने से अभिभावकों और बच्चों के बीच उपेक्षापूर्ण रिश्तों कि एक नई दीवार भी बन रही है। गरीबों के बच्चों के पास ना तो घर में एंड्रयोड वाले मोबाइल हैं और ना ही वे ऐसे


हताश और निराश अभिभावक कोरोना के डर के कारण अपने बच्चों को उनके साथियों के घरों पर भेजने में भी खौफ खाए हुए हैं। समय आ गया है कि ऑनलाइन शिक्षा के प्रभाव को प्रचारित और प्रसारित कर बच्चों और अभिभावकों के लिए बहु उपयोगी

## कोरोना से जंग के लिए रेलवे के कंडम कोच में बनेंगे 350 मिनी अस्पताल

जालंधर(योगेश कत्याल)



वैश्विक महामारी कोरोना से जंग लडऩे के लिए रेलवे अब कंडम कोच को संवारने की तैयारी में जुट गया है। कोविड केयर सेंटर स्पेशल ट्रेनें बनाने के लिए 350 कोचों को तब्दील करने का काम आरंभ कर दिया गया है। हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में रेलवे की वर्कशॉप को लक्ष्य दिया गया है कि जल्द से जल्द डिब्बों को मिनी अस्पताल में तब्दील किया जाए। लखनऊ 140, फिरोजपुर 35, मुरादाबाद 5, अंबाला 20 और जगाधरी वर्कशॉप में 150 कोचों में बदलाव किया जा रहा है। प्रत्येक डिब्बे पर 50 से 70 हजार रुपये खर्च आ रहा है। इन डिब्बों को फिलहाल दिल्ली में खड़ा किया जाएगा। देशभर में ऐसे डिब्बों की तलाश की जा रही हैं जिन्हें 30 साल हो चुके हैं। यदि 30 साल वाले डिब्बे कम पड़े तो 20 साल पुराने डिब्बों को तब्दील किया जाएगा। इनमें मरीजों की मूलभूत जरूरतों जिसमें नहाने के लिए शावर, मच्छरदानी, बायो टॉयलेट, प्लग, ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य सुविधाएं शामिल की जाएंगी। कुल पांच हजार कोच



सत्य की जंग, असत्य के संग

# हलचल पंजाब

निष्पक्ष नजर, निष्पक्ष खबर



## भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा स्रोत है कैंसर की तरह फैलता अवैध निर्माण व अतिक्रमण



जालंधर(योगेश कत्याल)

आज जालंधर महानगर का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं, जहां किसी तरह का अवैध या अनियोजित निर्माण न हुआ हो। पहले सरकारी जमीनें ही अवैध कब्जे और निर्माण की भेंट चढ़ती थीं, लेकिन अब निजी जमीनों पर भी अतिक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। सरकारी अथवा गैरसरकारी जमीन पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण को रोकने की जिम्मेदारी स्थानीय निकायों और प्रशासन की है।

यदा-कदा नगर निगम के अधिकारी स्थायी-अस्थायी अवैध निर्माण को बुलडोजर लेकर गिरा देते हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर से पहले वाली स्थिति हो जाती है। कई बार तो दो-तीन दिन में ही अतिक्रमणकारी लौट आते हैं या फिर रोका गया अवैध निर्माण पुनः शुरू हो जाता है इसके चलते कई बार यातायात जाम जैसी समस्याएं सिर उठा लेती हैं। सड़कें, फुटपाथ और पार्क अतिक्रमण का शिकार हो रहे हैं, फिर भी कोई नहीं चेतता। हालांकि कई एनजीओ एवं अन्य नागरिक संगठन पर्यावरण बचाने को लेकर सक्रिय हैं और वे अनियोजित विकास व अतिक्रमण के मसले उठाते रहते हैं, लेकिन अधिकारी और नेता मुश्किल से ही उनकी सुनते हैं। वे तभी हरकत में आते हैं, जब अदालत कोई आदेश देती है। इस पर भी उनकी पहली कोशिश अदालती आदेश की खानापूरी करने की अधिक होती है। जालंधर में जिस तरह हर तरफ अवैध निर्माण और अतिक्रमण हो रहा है, उससे यह नहीं लगता कि हम स्मार्ट सिटी बनाने के लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे।

## जालंधर रेलवे स्टेशन के फूड स्टॉलों पर पसरा सन्नाटा



जालंधर(विशाल कोहली)

अनलॉक-1 में यात्री ट्रेन शुरू हो गई हैं। पटरी पर हर दिन कई ट्रेनें दौड़ रही हैं। इससे लॉक डाउन में बंद पड़े स्टेशनों पर फिर से चहल-पहल लौटी है मगर, कारोना के डर से स्टेशन पर लगी स्टॉलों पर सन्नाटा पसरा है। इक्का दुक्का यात्री ही यहां से सामान खरीद रहे है। बिक्री न होने से स्टॉल संचालक परेशान हैं।


यात्री ट्रेनें शुरू होने के साथ ही इन स्टॉलों को खोल दिया गया। इन स्टॉलों पर केवल पैकेट बंद खाद्य सामग्री की ही बिक्री होनी है। जालंधर सिटी और कैंट स्टेशन पर लगे खाने-पीने के सभी स्टॉल संचालकों को उम्मीद थी कि ट्रेनें चलने से उनकी बिक्री होगी। यात्री कोरोना के डर से बाहर का सामान खरीदने से कतरा रहे हैं। एक वेंडर ने बताया कि अभी ट्रेनों का स्टॉपेज भी कम है। यात्री भी ट्रेन से कम उतर रहे हैं। इस कारण भी बिक्री कम हो रही है।

**कुली भी परेशानः** यात्रियों की कम संख्या होने और सीमित सामान ले जाने के कारण कुलियों का रोजगार भी प्रभावित हो रहा है। आलम यह है कि स्टेशन पर काम करने वाले कुलियों को काम तक नहीं मिल रहा है। उनके सामने बहुत बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

## अब तो हर चेहरे पर नकाब है



विनोद मरवाहा



यूं तो कई चेहरों पर नकाब चढ़ा रहा करता था, मगर अब हर चेहरे पर नकाब है। कारण, कोरोना महामारी को कहें या समय की विडंबना माने, अब नकाब ही नकाब हर ओर नजर आ रहे हैं। दुनिया के हर देश में, देश के हर प्रदेश में, प्रदेश के हर शहर में, शहर के हर मोहल्ले में कोरोना की आहट हो चुकी है। दफ्तर हो, शिक्षण संस्थान हों, या घर हो, हर जगह बस यही चर्चा है कि कोरोना का विकराल रूप कहां तक जाएगा। हालांकि, कोरोना के कारण लोगों के चेहरों पर दिखाई दे रहा नकाब पहले के नकाबों से कहीं ठीक है, क्योंकि इस वायरस से बचाव के लिए आए नकाब साफ हैं। वहीं, पहले के नकाब में कई परतें होती थीं। उसमें न जाने कैसे-कैसे रहस्य छिपे रहते थे। लोग अपनों को ही अपने दगा देते थे। पहले तो लोग नकाबपोशों से दूरी बनाते थे, घबराते थे, मगर आज तो नकाब मजबूरी भी है और जरूरी भी।

## नन्हे कन्धों पर परिस्थितियों का बोझ



कोरोना से ऐसे हालात उपजे कि स्कूली बच्चों पर कई गुना बोझ बढ़ गया। भले ही भारी बस्ता लादकर वो स्कूल न जा रहे हों, लेकिन पढ़ाई का दबाव कहीं ज्यादा है। आम दिनों में जहां क्लास में 6 फिट के ब्लैकबोर्ड पर पढ़ाई करते थे तो वहीं अब उन्हें 6 इंच के स्क्रीन पर पढ़ना पड़ रहा है। परिस्थितियां कुछ ऐसी बन गई हैं कि अब तो अभिभावकों का मोबाइल बच्चों के पास ही रह रहा है। कोरोना काल में अभिभावक भी अपने लाडले की पढ़ाई को लेकर कुछ ज्यादा ही चिंतित हैं। शिक्षण संस्थानों व जिम्मेदारों को इस ओर गंभीरता से सोचना होगा कि मजबूरी में ही सही बच्चे कहीं मोबाइल एडिक्ट न हो जाएं, क्योंकि शारीरिक दूरी बनाए रखने के कारण बच्चे एक साथ खेल भी नहीं पा रहे। अब तो अभिभावक भी पूछने लगे हैं कि बच्चों को आखिर ऐसे हालात में कब तक रखा जाएगा।

## पटियाला में कार सवार 2 युवकों ने पुलिस कर्मियों से हाथापाई की और नाका तोड़कर भागे, 25 किमी पीछा कर पकड़े

पटियाला( एजेंसी)

पटियाला में एक बार फिर पुलिसकर्मियों से हाथापाई करके कार सवार दो युवक फरार हो गए। घटना रविवार देर रात की है। राजपुरा में पुलिसकर्मी नाके पर तैनात थे। यहां पुलिसकर्मियों ने कार सवारों को रोकने का इशारा किया था। घटना के बाद पुलिस भी कार के पीछे लग गई। करीब 25 किलोमीटर पीछा करके पुलिस ने अर्बन स्टेट फेज-3 में आरोपियों को पकड़ लिया। जब उनकी तलाशी ली तो उनसे एक लाख 45 हजार रुपए बरामद किए। इन पैसे के संबंध में आरोपी जवाब नहीं दे पाए। आरोपियों की पहचान फतेहगढ़ साहिब स्थित अमलोह के रणबीर सिंह और अलादपुर के वरिंदर सिंह के रूप में हुई है। कार का रजिस्ट्रेशन दोनों आरोपियों में से किसी के नाम नहीं है। शक है कि कार चोरी की हो सकती है। वरिंदर सिंह के खिलाफ अमलोह में नशा तस्करी के दो मामले दर्ज हैं। उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। नाभा जेल से वह बीती 17 जून को जमानत पर आया था।

## सजने लगी नगर निगम चुनाव की सियासी बिसात

# संतोष गुप्ता में हैं सुयोग्य पार्षद बनने के सभी गुण

### वार्ड नंबर 17 से हैं शिवसेना बाल ठाकरे के मजबूत दावेदार



होशियारपुर (कुलदीप सैनी)

आगामी नगर निगम चुनावों को लेकर होशियारपुर के लगभग सभी वार्डों में राजनैतिक बिसात अभी से बिछनी शुरू हो गई है। लिहाजा वार्ड नंबर 17 में भी इन चुनावों को लेकर सरगर्मी नजर आने लगी है। गत चुनावों में यह वार्ड महिला आरक्षित था और इस बार इस वार्ड के महिला आरक्षण से मुक्त होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। अभी तक यह वार्ड भाजपा के पास है। अगर इस बार यह वार्ड तब्दील होता है तो कौन उम्मीदवार होगा, मौजूदा समय में इस क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती क्या है, मौजूदा महिला भाजपा पार्षद की सबसे बड़ी उपलब्धि और असफलता क्या है, ऐसे कई सवालों को लेकर हलचल पंजाब के जनमत सर्वेक्षण में लोगों की राय ली गई। हालांकि इस सीट से कई नाम चर्चा में हैं, लेकिन जनमत सर्वेक्षण में शिवसेना बाल ठाकरे के संतोष गुप्ता वार्ड के हरेक वर्ग की पहली पसंद के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

एक शानदार व्यक्तित्व, दमदार राजनीतिक प्रदर्शन और असरदार विनम्रता, यही पहचान है नगर निगम के अंतर्गत आते वार्ड नंबर 17 से शिवसेना बाल ठाकरे के सशक्त एवं संभावित दावेदार संतोष गुप्ता की। सादगी पसंद श्री गुप्ता के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने अपने दम पर ही राजनीतिक, धार्मिक तथा समाजिक समाज में एक प्रतिष्ठित मुकाम हासिल किया है। यही कारण हैं कि इस साल होने जा रहे निगम चुनावों में वार्ड नंबर 17 से उन्हें मजबूत दावेदार माना जा रहा है। वार्ड के अधिकतर मतदाता श्री गुप्ता को सर्वाधिक ऊजार्वान नेता के रूप में देखते हैं। साथ ही उनकी ख्याति पूरे क्षेत्र में साफ छवि वाले एक ऐसे व्यक्ति की है जो सभी के हित की सोचते हैं और निरर्थक बातों में नहीं पड़ते।

श्री गुप्ता के पक्ष में एक तर्क यह भी है कि वही अकेले ऐसे नेता हैं जो वार्ड कोअपराधीकरण की राजनीति से मुक्त कर साफ-सुथरी राह और सामाजिक सौहार्द की दिशा दे सकते हैं। नई पीढ़ी हो या पुरानी, सबको श्री गुप्ता में नई उम्मीद और रोशनी दिखाई देती है क्योंकि कांग्रेस और भाजपा के घिसे-पिटे नेतृत्व के पास न नए सपने हैं और न ही नई दृष्टि है। इसलिए लगभग सभी वार्ड निवासी उन्हें सबसे ज्यादा ऊजार्वान नेता के रूप में देखते हैं तो यह स्वाभाविक ही है। इन सभी समीकरणों को देख कर यह कहा जा सकता हैं कि अगर शिवसेना बाल ठाकरे संतोष गुप्ता को आगामी नगर निगम चुनावी समर में वार्ड नंबर 17 से अपना प्रत्याशी बनाती हैं तो उनकी जीत भारी बहुमत से शत-प्रतिशत निश्चित है।

इस वार्ड की राजनीति पर नजर रखने वाले राजनैतिक पंडितों का भी मानना है कि लिहाजा इस सीट को लेकर अभी से सरगर्मियां नजर आने लगी हैं। यह सीट अभी तक भाजपा के पास थी लेकिन अगर शिवसेना बाल ठाकरे इस सीट से युवा नेता व हरदिल अजीज संतोष गुप्ता को चुनावी समर में उतारती है तो इसका शिवसेना के हिस्से जाना शत प्रतिशत है।


अपना विज्ञापन देने के लिए कॉल करें

9464562001

कुलदीप सैनी

ब्यूरो चीफ, होशियारपुर

# दांत दर्द का उपचार



क्या दांत दर्द से हैं परेशान? यह घरेलू उपायों से मिलेगी राहत

दांतों का दर्द काफी तकलीफदेह होता है। इससे सिर और आंखों में भी दर्द होने लगता है। दांतों में कीड़े लगने तो कभी मसूढ़ों में कोई तकलीफ दांत दर्द का कारण बनती है। दांतों का दर्द असहनीय होता है इसमें कुछ खाने-पीने का भी मन नहीं करता। दांत में दर्द होने पर लोग डॉक्टर को दिखाते हैं, लेकिन ऐसे कई घरेलू उपाय भी हैं, जिनकी मदद से हम दांतों के दर्द को ठीक कर सकते हैं। हम आपको दांत के दर्द से छुटकारा पाने के लिए घरेलू उपायों के बारे में बता रहे हैं।

### नमक- पानी का कुल्ला

हल्के गरम पानी में नमक डालकर कुल्ला करने से दांत के दर्द में राहत मिलती है। ऐसा करने से दांत और मसूढ़े की सूजन भी जाती रहती है ।इस घरेलू उपाय को अपनाने के लिए एक गिलास पानी गर्म कर लें और उसमें एक या डेढ़ चम्मच नमक डालें और उसे अच्छी तरह से मिलाकर कुल्ला करें या फिर माउथवॉश करें।

### लहसुन

औषधीय गुणों से भरपूर लहसुन दांत दर्द और सूजन को कम करने में भी मददगार साबित होता है। दांत दर्द होने पर लहसुन की कली को लेकर अच्छी तरह से पेस्ट बना लें और प्रभावित हिस्से पर लगाएं। ऐसा करने से आपको थोड़ी देर में राहत मिलेगी.

### लौंग

दांतों के दर्द को दूर करने में लौंग का इस्तेमाल काफी किया जाता है, जो फायदेमंद भी है। इसका इस्तेमाल करने के लिए कॉटन पर थोड़ा सा लौंग का तेल लगाकर प्रभावित हिस्सों पर लगाना होता है। इसके अलावा एक छोटे गिलास पानी में लौंग के तेल की एक बूंद भी डाल सकते हैं और कुल्ला कर सकते हैं।

### सरसों का तेल


एक चम्मच सरसों के तेल में एक चुटकी नमक डालकर दांतों और मसूढ़ों पर मसाज करें। इससे न सिर्फ दांतों में दर्द से आराम मिलता है बल्कि मसूढ़े भी मजबूत होते हैं।

### काली मिर्च पाउडर

दांतों में तेज दर्द से आराम के लिए एक चौथाई चम्मच नमक में एक चुटकी काली मिर्च पाउडर मिलाकर दर्द वाले हिस्से पर लगाने से कुछ ही देर में राहत मिल जाती है।

## कोरोना से लड़ाई के लिए आयुर्वेद का सहारा

### अचानक दुकानों में बढ़ी काढ़ा की सामग्री की मांग



अमृतसर(सुनील लूथरा)

कोरोना से लड़ने के लिए लोग भी अब खुद तैयार हो चुके हैं। देसी नुस्खे और आयुर्वेद पद्धति के सहारे इस महामारी का मुकाबला किया जा रहा है।

हलचल पंजाब ने शहर में पंसारी और कुछ किराने के परचून व थोक व्यापारियों की सहायता से आंकड़े जुटाए। कुछ ऐसे मसालों की डिमांड कई गुणा अचानक बढ़ गई, जिनकी लागत बहुत कम थी। कोरोना को भगाने और इम्युनिटी स्ट्रांग करने के लिए देसी हल्दी को रामवाण बताया गया है। इस देसी हल्दी की डिमांड तो बढ़ गई है, लेकिन ऊना जिले के पंसारी की दुकानों में देसी हल्दी का स्टाक फिलहाल बहुत कम बचा है अथवा समाप्त हो चुका है।

एक दुकानदार ने बताया कि कोरोना को भगाने के लिए तथा परिवार के सदस्यों की इम्युनिटी पावर बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक पद्धति का सहारा लिया जा रहा है। कुछ मसाले और औषधियों का पहले सेवन नाममात्र करते थे, लेकिन अब यह सामग्री घर की प्राथमिकता में शुमार है। जिस सामग्री से महीने भर का काढ़ा तैयार किया जा रहा है, यह बाजार रेडिमेड काढ़े से सस्ता पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि देसी जड़ी बूटी पर आधारित औषधीय गुणों वाले उत्पादों की डिमांड बढ़ गई है। हल्दी और उससे बने प्रोडक्ट लोग मांग रहे हैं। यहां तक कि कच्ची हल्दी व देसी हल्दी की डिमांड इतनी हो चुकी है कि लोगों की डिमांड को पूरा करने के लिए लोकल कई किसानों से संपर्क करके स्टाक पूरा किया जा रहा है। मसाला चाय, सौंठ, काली मिर्च, दालचीनी की डिमांड पहले से करीब चार गुणा से अधिक है। अपने सप्लाई क्षेत्र में औसतन महीने के दो टूर में दो सौ किलोग्राम काली मिर्ची की सप्लाई कर रहे हैं। पहले यह सप्लाई चालीस से पचास किलोग्राम होती थी। फिनाइल की डिमांड भी पांच गुणा बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि काली मिर्ची, हल्दी, मग, मुनक्का, सौंठ, मीठी सौंफ व कड़वी सौंफ, दालचीनी, छोटी इलायची, ग्लोय, तुलसी व मसाला चाय की डिमांड पहले से पांच गुणा बढ़ गई है। लोग अपनी महीने के राशन की सूची में अब प्राथमिकता ऐसे सामान को दे रहे हैं। हालांकि इसमें डिमांड बढ़ने के बाद ऐसे मसालों के दाम स्थिर हैं।

एक आयुर्वेदिक चिकित्सक के अनुसारलोगों को अपनी इम्युनिटी स्ट्रांग करने के लिए सौंठ, काली मिर्च, दालचीनी, ग्लोय आदि औषधी से बना काढ़ा इस्तेमाल करना चाहिए। इसे घर में ही आसानी से तैयार किया जा सकता है। इसका रोज सेवन करने से कोरोना होने के बहुत कम लक्षण होते हैं।

Sai Glass House

All Types of Designing Glass, Stained Glass

Spl. in: Glass Doors & Crystal Glass Coloured, Etching Glass, Toughened & Security Glass

Deepak Mehta

Mobile: 98885-76570,98884-43390

Plot no.5, Baba Budha ji Nagar, Near D.C. Petrol Pump, 120 Ft. Road, Jalandhar city,email:saiglass11@yahoo.com

SINCE 1970

PB

PANKAJ BAKER'S

100% PURE VEG . SHOP

BISCUITS RUSK CAKE PASTRIES

Basti Guzan Jalandhar 99882-23300

ARORA

PROPERTY LINKER

TARUN ARORA ASHWANI BHAGRIA

-: Sale & Purchase of :-

Kothies Plots Shops

Agriculture Land Tolet Service also Available

Shop.No.18, Maharaja Garden, Leather Complex Road, Jalandhar

Mobile: 98761-42968, 75894-18595, 72400-00030

सत्य की जंग, असत्य के संग

# हलचल पंजाब

निष्पक्ष नजर, निष्पक्ष खबर



## लुधियाना में शुरू हुआ चीन का बहिष्कार, लोग चाइनीज छोड़ खरीद रहे देसी साइकिल

**लुधियाना(राजन मेहरा)**




लद्दाख में चीनी सेना के भारतीय जवानों पर कायराना हमले के बाद लोगों में चीनी उत्पादों को लेकर आक्रोश बढ़ रहा। आम लोग ही नहीं व्यापारी भी चीन के बने उत्पाद का बहिष्कार कर रहे। लुधियाना के बाजारों में अभी तक बड़ी संख्या में चाइनीज साइकिलों की बिक्री होती थी। बच्चों के लिए बैटरी वाली साइकिल हो या फैंसी लाइट वाली। यही नहीं युवाओं और ज्यादा उम्र के लोगों के लिए भी व्यायाम वाली और रेसिंग साइकिल बाजार में हैं। हालांकि इनके अधिकतर पार्ट यूज एंड थ्रो होते हैं। जिससे रिपेरिंग में परेशानी रहती। जबकि लुधियाना में बनने वाली साइकिल का हर पुर्जा बाजार में आसानी से उपलब्ध है। अब साइकिल के कारोबार से जुड़े लोगों ने भी चाइना का माल मंगाना बंद कर दिया है।

रिपेयरिंग व वारंटी नहीं होना परेशानी देखने में अच्छी और कीमत में भी कुछ कम होने वाली चाइनीज साइकिलों की न तो कोई वारंटी होती है और न ही रिपेयरिंग हो पाती है।

एक साइकिल विक्रेता का कहना है कि लुधियाना के बने साइकिलों की आसानी से सभी जगहों पर रोपियरिंग होने के कारण इन दिनों लोग चाइनीज की अपेक्षा लुधियाना में बने साइकिलों को ही वरीयता दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि शुरूआत में जरूर चाइना की बेबी ट्राई-साइकिल की जमकर मांग थी लेकिन धीरे-धीरे ये फेल होने लगीं। रिपेयरिंग न होने व इसके टक्कर में लुधियाना की कई कंपनियों की ओर से भी अपनी साइकिलें उतारे जाने के बाद से उनके द्वारा बनाए गए साइकिलों की मांग बढ़ गई। लुधियाना की कंपनियों ने चीनी कंपनियों के मुकाबले टिकाऊ साइकिल उतारी हैं जिनकी रिपेरयिंग भी हो जाती है।

## बढ़े हुए तेल के दामों को तुरंत वापस ले केंद्र सरकारःअतुल सूद

**जालंधर(विशाल कोहली)**



पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अतुल सूद ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान सरकार का ध्यान सिर्फ लोगों को लूटने की तरफ है। इस समय आम जनता को सरकार से वित्तीय सहायता की जरूरत है पर इसका उलट सरकार लोगों की जेब खाली करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा पूरे विश्व में तेल पर सबसे ज्यादा टैक्स भारत सरकार के द्वारा लगाया जा रहा है जोकि बहुत ही शर्मनाक है। भाजपा सरकार आम जनता की जेब काटने का काम कर रही है। बढ़ रहे पेट्रोल-डीजल के दामों ने आम जनता की जेब में आग लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 70 वर्षों में पेट्रोल और डीजल के दाम पहली बार लगभग बराबर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब 10 पैसे भी तेल का रेट बढ़ता था तो लोग तथा विपक्षी पार्टियां सड़कों पर आ जाती थी, लेकिन अब कोविड-19 महामारी की वजह से लोग डर के मारे रोड पर नहीं आ पा रहे हैं, इसी वजह से तेल के रेट हर रोज बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देश के लोगों का दुर्भाग्य है कि जब से बीजेपी सरकार सत्ता में आई है, बेरोजगारी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है तथा कोरोना महामारी की वजह से लोगों के थोड़े बहुत बच्चे काम धंधे भी खत्म होते जा रहे हैं। जिसकी वजह से स्कूटर मोटरसाइकिल और गाड़ियों में तेल तो दूर की बात घर का खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने सरकार से बढ़े हुए दामों को तुरंत वापस लेने की मांग की है।

## नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट 138 में संशोधन व्यापारी वर्ग के साथ अन्याय

**लुधियान(राजन मेहरा)**



अशोक धीर | परवीन कुमार | डॉ.अशोक सिंगला

पंजाब सुपर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन की एग्जीक्यूटिव बैठक एसोसिएश के चेयरमैन अशोक धीर व प्रधान परवीन कुमार की सरपरस्ती में हुई।

चेयरमैन अशोक धीर ने एग्जीक्यूटिव मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि एसोसिएशन सदस्यों की सारी समस्याओं का निदान पूरे जुनून व शिद्दत से करने के लिए वचनबद्ध है। श्री धीर ने केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा नेगोशिएबल इंस्ट्रुमेंटल एक्ट 138 को बदल कर सिविल केस में डालने सम्बधी संशोधन का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा होने से डिफाल्टर व्यापारी गलत फायदा ऊठायेगें।

एसोसिएश के प्रधान परवीन कुमार ने कहा कि सिविल कोर्ट में तो केस का निपटारा 10-15 साल से पहले होता ही नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यापारी को तो पहले ही कॅरोना महामारी के कारण मार पड़ रही है, लगभग व्यापार खत्म हो चुका है,सरकार यह कदम उठा कर व्यापारियों के साथ अन्याय करने का मन बना रही है।

एसोसिएशन केमहासचिव डॉ. अशोक सिंगला ने कहा कि यह संशोधन केंद्र सरकार के कफन में कील में काम करेगा। सिंगला ने कहा कि ऑनलाइन ट्रेडिंग व मॉडर्न ट्रेड के कारण आम दुकानदारों का तो पहले ही बुरा हाल है और ऐसे में यह संशोधन व्यापार पर बहुत बुरा प्रभाव डालेगा।

एसोसिएश केवित्त सचिव उमेश बांसल ने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि चैक बाउंस के केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में लगवा कर व्यापारियों को जल्द इंसाफ दिलाने के लिए कदम उठाए। उपप्रधान विकास भाटिया ने कहा कि जब कुर्सी पर अयोग्य व्यक्ति बैठे हों,तो विनाश शत-प्रतिशत निश्चित है।

## 19 साल बाद श्राद्ध पक्ष और नवरात्र में एक माह का अंतर

### श्राद्ध पक्ष 2 सितंबर से 17 सितंबर तक 17 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र होंगे शुरू



**जालंधर(योगेश कत्याल)**

आषाढ़ शुक्ल एकादशी पर एक जुलाई को देवशयनी एकादशी होगी। इसके साथ ही देव सोयेंगे और मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। इसके साथ ही चातुर्मास शुरू होगा। चातुर्मास 26 नवम्बर को कार्तिक शुक्ल एकादशी पर समाप्त होगा। ऐसे में इस बार चातुर्मास करीब पांच माह रहेगा। इस बार श्राद्ध पक्ष और शारदीय नवरात्र के बीच एक माह का अंतर रहेगा। श्राद्ध पक्ष 2 सितंबर से 17 सितंबर तक रहेगा, इसके बाद 18 सितंबर से 16 अक्टूबर तक आश्विन अधिकमास रहेगा, जिसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है।इसके ठीक बाद 17 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र शुरू हो जाएंगे। ज्योतिषाचार्यों की मानें तो करीब 19 साल बाद आश्विन अधिकमास आ रहा है, यानी 19 साल बाद इस बार श्राद्ध पक्ष और नवरात्र में एक माह का अंतर आ रहा है।

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार आषाढ़ शुक्ल एकादशी पर एक जुलाई को देवशयनी एकादशी है। भगवान विष्णु चार महीने के लिए पाताल लोक में चले जाएंगे। देवशयनी एकादशी की तिथि यानि इस दिन से ही चातुर्मास का आरंभ माना जाता है, भगवान विष्णु के पाताल लोक में जाने के बाद धार्मिक कार्य वर्जित हो जाते हैं। इन चार महीनों तक भगवान विष्णु क्षीर सागर की अंनत शईया पर आराम करते हैं। इसलिए इन चार माह की अवधि में कोई भी धार्मिक कार्य नहीं किया जाता है। इस बार यह चातुर्मास पांच माह का आएगा।

## अवैध रूप से राजस्थान ले जाए जा रहे 14 गोवंश पकड़े

**बठिंडा ( कमल कटारिया)**

ट्रक में अवैध रूप से भर कर राजस्थान ले जाए जा रहे गोवंश को मानसा पुलिस ने बरामद किया है ।ट्रक में 12 गाय और तीन बैल भरे हुए थे। मानसा पुलिस ने गोवंश को खोखर कलां की गोशाला में भिजवा दिया। जबकि वाहन चालक को काबू कर उसका ट्रक जब्त कर लिया। वहीं ट्रक में सवार तीन लोग फरार हो गए। पुलिस ने वाहन चालक को मौके पर काबू कर लिया मगर उसके दो-तीन साथी घटना स्थल से फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपितों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मोटरसाइकिल सवार गाय से टकराया, मौत

बठिंडा मलोट रोड पर एक मोटरसाइकिल सवार की गाय के साथ टकराने पर मौत हो गई। हादसे में गाय की भी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना सहारा मुख्यालय में मिलने पर सहारा जनसेवा की लाइफ सेच्वग ब्रिगेड हेल्पलाइन टीम के मणिकरण शर्मा व संदीप गोयल घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने जख्मी मोटर साइकिल सवार को अस्पताल की आपात कालीन वार्ड में पहुंचाया। थोड़ी देर बार युवक की मौत हो गई। युवक की शिनाख्त तलवंडी साबो के हरदम सिंह के तौर पर हुई है।

## जिला पुलिस ने एक साल में 666 मामले दर्ज कर 1032 तस्करों को किया काबू

### किसी भी परिस्थिति में नशीले पदार्थों की तस्करी बर्दाश्त नहीं की जायेगी :-एसएसपी नानक सिंह

**बठिंडा( कमल कटारिया)**



मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने प्रदेश में नशे के खिलाफ मुहिम चलाई हुई है इसी कड़ी के तहत बठिंडा जिला पुलिस ने पिछले एक साल में 666 एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज कर 1032 तस्करों को जेल भेजने में सफलता हासिल की है।आज यहां इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग्स एंड इलिसिट ट्रैफिकिंग की पूर्व संध्या पर एक विशेष बातचीत के दौरान, एसएसपी डा.नानक सिंह ने कहा कि जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पंजाब को नशा मुक्त बनाने का वादा किया था और जिला पुलिस इसे गंभीरता से ले रही है और ड्रग तस्करों के खिलाफ ठोस कार्रवाई कर रही थी। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस मिशन फतेह को न केवल कोरोना के के साथ जोड़ रही है बल्कि नशा मुक्त करने से भी जोड़ रही है। उन्होंने कहा कि हर पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को दृढ़ता से निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी परिस्थिति में ड्रग तस्करों को न छोड़ें और बठिंडा जिला को नशा मुक्त बनाएं। पिछले एक वर्ष के दौरान जिले में ड्रग्स के खिलाफ पुलिस की सफलता पर विस्तार से बताते हुए डा. नानक सिंह ने कहा कि अब तक 6,579 किलोग्राम हेरोइन, 0.022 किलोग्राम स्मैक, 1,400 किलोग्राम चरस, 11 किलो 515 ग्राम अफीम, 42 क्विंटल 69 किल्लो चुरा पोस्त, 43 किलो 898 ग्राम गांजा, 1.006 किलोग्राम भांग, 0.560 किलो नशीला पाउडर, 892 नशीली शीशियां, 0.050 किल्लो सुल्फा और 1841411 नशीली गोलियां बरामद हुईं। इसके अलावा इस दौरान जिला पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों की तस्करी से संबंधित 18 भगोड़े भी पकड़े गए हैं। उन्होंने जिले के लोगों से नशा तस्करों के बारे में कोई भी जानकारी पुलिस को बिना किसी झिझक देने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूचना देने वाले का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा।

## दहेज प्रताड़ना पर पति सहित तीन पर केस

**पठानकोट(राकेश कुमार)**

दहेज प्रताड़ना के आरोप में थाना डिवीजन नंबर-2 पुलिस ने पति सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

आरोपितों की पहचान रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला निवासी अजय कुमार, चंपा देवी और सुभाष चंद के रूप में हुई है। पुलिस को लिखित दी अपनी शिकायत में पठानकोट निवासी नेहा कुमार ने बताया कि उसकी शादी 12 मई 2018 को हुई थी। विवाह के समय उसके माता-पिता की ओर से अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज दिया गया था। विवाह के करीब 10 दिन के बाद ही उसका पति अजय कुमार जोकि न्यूजीलैंड में काम करता था, वापस चला गया। उसका ससुर पीछे से उसे दहेज के लिए तंग करने लगा। उसका ससुर जब भी उसे फोन करता था, फोन में पांच लाख रुपये और कार लाने की बात कहता था। महिला का आरोप है कि उसे धमकाया जाता था कि यदि वह पैसा तथा कार लेकर नहीं आई तो उसे जान से मार दिया जाएगा। एएसआइ हरप्रीत सिंह ने बताया कि पुलिस की ओर से आरोपितों को काबू करने के लिए दबिश दी जा रही है।

## परहेज से दूर होगा कोरोना संकट



वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए आवश्यक उपायों का पालन करना जरूरी है। इसमें घर में रहना, बहुत जरूरी काम से बाहर निकलने पर शारीरिक दूरी का पालन करना, मास्क पहनना, भीड़ में न जाना, घर में समय-समय पर साबुन से हाथ धोते रहना आदि शामिल हैं। हम लोगों को मोबाइल या सोशल मीडिया के जरिए इन उपायों के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करते रहना चाहिए। बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ख्याल रखा चाहिए। उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने देना चाहिए। इससे हम इस महामारी से जल्द मुक्ति पाने में सफल होंगे।

अजय वर्मा, नकोदर

## कोरोना में घिरे स्वास्थ्य विभाग के लिए डेंगू भी चुनौती

**लुधियाना(राजन मेहरा)**

कोरोना में घिरे स्वास्थ्य विभाग के लिए इन दिनों डेंगू भी चुनौती बना हुआ है। प्लेटलेट्स कम होने पर यह बीमारी भी जानलेवा साबित हो जाती है। जिसे लेकर डेंगू को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता। कोरोना के चलते डेंगू की रोकथाम को लेकर मच्छरों का खात्मा करने और लोगों को जागरूक करने की मुहिम भी ठंडे बस्ते में है। फिलहाल कोरोना महामारी को लेकर उलझा स्थानीय निकाय विभाग भी शहर में फॉगिंग नहीं करा सका है। जिससे मच्छरों की भरमार है। बरसात के दिनों में डेंगू का खतरा और बढ़ सकता है।

## हवलदार पीटने के मामले में कांग्रेसी नेता के भाई सहित तीन गिरफ्तार

**पटियाला( हलचल नेटवर्क)**

थाना त्रिपड़ी के गुरु नानक नगर एरिया में हवलदार को पीटने के मामले में कांग्रेसी नेता के भाई सहित तीन लोगों को काबू किया है। पुलिस ने नेता के भाई मनी, नानू व रिक्की को पकड़ा है जबकि आरोपित गिफ्टी अभी फरार है। थाना त्रिपड़ी के इंचार्ज हरजिदर सिंह ढिल्लों ने कहा कि तीन आरोपित गिरफ्तार कर लिए हैं। इन आरोपितों की कार भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। हवलदार शेर सिंह पीसीआर विग के एएसआइ अजीत सिंह व दलीप सिंह के साथ ट्वेरा नंबर एक में शनिवार को तैनात थे। यह लोग मिशन फतेह के तहत लोगों को मास्क पहनने के लिए जागरूक कर रहे थे। जहां पर कार सवारों को शक के आधार पर रोका क्योंकि इन लोगों ने मास्क नहीं पहन रखा था। कार सवारों से मास्क न पहनने व लॉकडाउन में घूमने की वजह पूछी तो इन्होंने हवलदार को ही धमकाया कि वह यह पूछने के अधिकार नहीं रखता है। जिसके बाद कार सवार युवकों ने भड़कते हुए कहा कि हाथापाई शुरू कर दी और हमले के बाद आरोपित फरार हो गए थे। इस मामले में गिफ्टी, मनी, नानू व रिक्की के खिलाफ केस दर्ज किया था,आरोपित मनी कांग्रेसी नेता का भाई बताया जा रहा है।

## चाइना के सामान का मुकम्मल तौर पर बाइकाट करें : डा सोनिया

**होशियारपुर(कुलदीप सैनी)**



पिछले दिनों भारत चीन सरहद पर शहीद हुए देश के 20 जवानों को श्रद्धा सुमन भेंट करने के लिए समाज सेवा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने वाली ओवरसीज कांग्रेस यूरोप महिला विंग की कन्वीनर डा सोनिया ने दो मिनट का मौन रखकर देश के लिए मर मिटने वाले शहादत का जाम पी गए जवानों को श्रद्धाजलि भेंट की।

डा. सोनिया ने कहा कि फौजी जवानों की शहादत जहाँ नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा और मार्ग दर्शक बनेगी। वहाँ सरकार को उन जवानों के नाम को सुनहरी अक्षरों में लिखने के लिए मजबूर करेगी। उन्होंने पंजाब सरकार की तरफ से पंजाब के शहीद हुए फौजियों के पारिवारिक सदस्यों को मुआवजा देने और एक-एक मैंबर को सरकारी नौकरी देने के किए घोषणा की प्रशंसा करते कहा कि शहादत का जाम पीने वाले फौजी जवान किसी मां- बाप की आखों आँखों के तारे और किसी सुहागन का सुहाग और किसी मासूम बच्चों के पिता थे। इस लिए ऐसी घटनाएं बहुत ही अफसोसनाक होती है। उन्होंने कहा कि भारत को चाइना का समान खरीदने का बाइकाट करना चाहिए । पंजाब सरकार देश के लिए मर मिटने वाले फौजी जवान के नाम और स्कूल कालेज या स्मारक बनाए दिया ताकि आने वाली नई पीढ़ी को शहादत से प्रेरणा मिल सके। भारत को चीन की तरफ से आई ईंट का जबाब पत्थर के साथ देना चाहिए ताकि आगे से चीन ऐसी घिनौनी हरकत न कर सके।

## पहले से ज्यादा सुरक्षित होंगे पासपोर्ट, सरकार लाने वाली है चिप वाले इ-पासपोर्ट

**जालंधर(विशाल कोहली)**




आज की तारीख में किसी भी इंसान की पहचान में पासपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण होता है, और अब सरकार आधुनिक युग के इस पहचान पत्र को और भी अधिक सुरक्षित बनाने वाली है । मोदी सरकार इंडियन सिक्योरिटी प्रेस नासिक और नेशनल इनफॉ मेंटिक्स सेंटर के साथ मिलकर चिप इनेबल्ड ई-पासपोर्ट लाने वाली है। इस बात की जानकारी देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि ई-पासपोर्ट के प्रॉडक्शन के लिए प्रोक्योरमेंट प्रॉसेस चल रहा है।पासपोर्ट से जुड़ी धोखाधड़ी के अलावा ऐसे भी मामले सामने आ चुके हैं जब अपराधी फर्जी पासपोर्ट बनाकर विदेश भागे हैं। इसीलिए सरकार अब इन पासपोर्ट को लाना चाहती है क्योंकि इन पासपोर्ट के आने के बाद ऐसा फजीर्वाड़ा होना थोड़ा मुश्किल होगा । ई-पासपोर्ट आने के बाद हमारे ट्रेवल डॉक्यूमेंट्स की सुरक्षा और मजबूत हो जाएगी। इस बारे में आगे बात करते हुए विदेश मंत्री ने बताया कि पूरे देश में 488 पासपोर्ट सेवा केंद्र खोले जा चुके हैं। सरकार का लक्ष्य है कि हर लोकसभा क्षेत्र में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोले जाएं और इसके लिए काम भी किया जा रहा है। लेकिन फिलहाल अचानक आए इस कोरोना महामारी के संकट की वजह से उस प्रोसेस पर रोक लगी है। अब सरकार ने पासपोर्ट को अप्लाई करने के प्रोसेस को काफी आसान कर दिया है । अब डिजिटल प्लेटफार्म जैसे 'एमपासपोर्ट सेवा मोबाइल एप' और नागरिकों के लिए सरल उपाय 'एप्लाई फ्रॉम एनीवेयर' स्कीम के जरिये पासपोर्ट अप्लाई करना किसी के लिए भी बेहद आसान हो गया है। यही वजह है कि पिछले साल 2019 में 1.22 करोड़ से ज्यादा पासपोर्ट भारत सरकार की ओर से जारी किए हैं।

### भारतीय पासपोर्ट को 60 देशों में मिला एक्सेस

विदेश घूमने वाले भारतीयों के लिए ये साल बहुत अच्छा रहा। पासपोर्ट इंडेक्स 2018 में भारत ने बड़ी उपलब्धी हासिल की है। इससे भारत का पासपोर्ट और भी शक्तिशाली बन गया है।इसके साथ ही साल 2017 में इस इंडेक्स के मुताबिक भारतीय पासपोर्ट के जरिए 49 देशों में एक्सेस किया जा सकता था। इस मामले में भी भारत ने उपलब्धि हासिल की है। इस इंडेक्स के मुताबिक अब भारतीय पासपोर्ट को 60 देशों में एक्सेस मिल गया है।

हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2018 के अनुसार भारत का पासपोर्ट 81वें पायदान पर है। वहीं इसी फर्म के पासपोर्ट इंडेक्स 2017 में भारत के पासपोर्ट की रैंक 86वीं थी।

## सैनिटाइजर का ज्यादा इस्तेमाल, चर्म रोग का खतरा

**जगराओं (संजीव मल्होत्रा/दिनेश शर्मा)**



सैनिटाइजर का अत्यधिक इस्तेमाल इंसान में एलर्जी, रुखापन और खुजली पैदा कर सकता है। माना जा रहा है कि सैनिटाइजर व हाइप्रोक्लोराइट में एथनॉल, एन प्रोपेनॉल, आइसो प्रोफाइनल नामक ड्राई अल्कोहल त्वचा की प्राकृतिक नमी खत्म कर देता है। इससे हाथों में रुखापन और त्वचा शुष्क होने लगती है। त्वचा रोग विशेषज्ञों का दावा है कि बाजार में मौजूद 90 प्रतिशत हैंड सेनिटाइजर अच्छी गुणवत्ता के नहीं हैं। कई रिसर्च में साबित हो चुका है कि सैनिटाइजर का अत्यधिक इस्तेमाल त्वचा की समस्या पैदा कर सकता है।

**यह आ रही परेशानीः** सैनिटाइजर में विषैले तत्व और बेंजाल्कोनियम क्लोराइड होता है, जो कीटाणुओं और बैक्टीरिया को हाथ से निकालता है, लेकिन यह त्वचा के लिए ठीक नहीं है। इससे जलन और खुजली हो सकती है। खुशबू के लिए फैथलेट्स नामक रसायन इस्तेमाल होता है। इसकी मात्रा जिन सैनिटाइजर में ज्यादा होती है, वे हानिकारक होते हैं। ये सैनिटाइजर रोग प्रतिरोधक क्षमता भी घटाते हैं। सैनिटाइजर में अल्कोहल होने से बच्चों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।